एक नजर में

### जिले में अब तक 246 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**गुना।** जिले में मानसून की गतिविधि जारी है। 1 जून से 8 जुलाई 2026 की सुबह तक कुल 246.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो कि यहां की सामान्य औसत वर्षा का 23.4 प्रतिशत है। गौरतलब है कि गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 386.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई थी।विभिन्न वर्षामापी केंद्रों की बात करें तो अब तक कुंभराज में सर्वाधिक 391.0 मिमी, चांचौड़ा में 333.0 मिमी, मक्सूदनगढ़ में 321.2 मिमी, आरोन में 219.0 मिमी, राघौगढ़ में 180.0 मिमी, बमोरी में 165.8 मिमी और गुना केंद्र पर 119.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है।वहीं, बीते 24 घंटों में जिले में 14.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई, जिसमें कुंभराज में सबसे ज्यादा 32.0 मिमी और मक्सूदनगढ़ में 23.0 मिमी पानी बरसा है।

### आंगनवाड़ी भर्ती प्रक्रिया 24 जुलाई तक सुनवाई

**गुना।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई की तारीखें घोषित कर दी गई हैं। जिला स्तरीय आपत्ति निराकरण समिति की यह महत्वपूर्ण बैठक जिला पंचायत गुना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

यह सुनवाई आगामी 13, 14, 15 जुलाई तथा 21, 22, 23 और 24 जुलाई 2026 को शाम 4 बजे से जिला पंचायत सभागार में होगी। इस दौरान दो प्रमुख परियोजनाओं के कुल 42 लंबित प्रकरणों पर विस्तार से सुनवाई कर उनका निराकरण किया जाएगा। तय कार्यक्रम के अनुसार, 13 से 15 जुलाई तक परियोजना गुना ग्रामीण के 19 प्रकरणों की सुनवाई होगी। इसके बाद 21 से 24 जुलाई 2026 तक परियोजना बमोरी के अंतर्गत आने वाले 23 प्रकरणों को सुना जाएगा।

# शादी कराने के नाम पर युवक से डेढ़ लाख की ठगी

## 6 दिन बाद ही चंपत हो गई छत्तीसगढ़ से आई लुटेरी दुल्हन

नवभारत न्यूज

**गुना 8 जुलाई का। जिले में शादी के नाम पर धोखाधड़ी और ठगी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक युवक को घर बसाने का सपना देखना बेहद महंगा पड़ गया। बिचौलिए के झांसे में आकर पीड़ित परिवार ने डेढ़ लाख रुपए देकर छत्तीसगढ़ की एक युवती से शादी कराई थी, लेकिन शातिर दुल्हन शादी के 6 दिन बाद ही दिन घर से जेवर और नगदी समेटकर रफूचक्कर हो गई। अब पीड़ित भाई इंसाफ के लिए पुलिस थाने से लेकर कलेक्ट्रेट तक के चक्कर काटने को मजबूर है।**

दरअसल, बमौरी क्षेत्र के ग्राम आंतरसूना निवासी माखन सिंह लोधा ने आरोप लगाया है और पुलिस-प्रशासन से शिकायत की है कि पहलवान सिंह लोधा नामक एक व्यक्ति ने उनके 36 वर्षीय भाई शिव सिंह की शादी कराने का झांसा दिया था।

पहलवान सिंह ने इसके एवज में डेढ़ लाख रुपए की मांग की और छत्तीसगढ़ की एक युवती का रिश्ता सामने रखा। भाई का घर बसते देखने की चाह में माखन सिंह ने पहलवान सिंह को डेढ़ लाख रुपए की भारी-भरकम राशि सौंप दी।

पैसे लेने के बाद पहलवान सिंह उस युवती को लेकर आया। कानूनी औपचारिकता पूरी करते हुए शिव सिंह और उक्त कथित युवती की बाकायदा कोर्ट मैरिज भी कराई गई। शादी के बाद युवती करीब 6 दिनों तक माखन सिंह के घर पर रुकी रही।

**ऐसे हुआ संदेह**

शिव सिंह के घर आते ही युवती की हरकतों से शक होने लगा था और वह लगातार भागने की फिराक में दिख रही थी। जब माखन सिंह और शिव सिंह को उसकी नीयत पर पूरा शक हो गया, तो उन्होंने सूझबूझ दिखाते हुए युवती को पकड़कर बमौरी पुलिस के सुपुर्द कर दिया। आरोप है कि उस दौरान पुलिस ने सख्त कानूनी कार्रवाई करने के बजाय युवती को वापस बिचौलिए पहलवान सिंह के हवाले कर दिया और उसे निर्देश दिया कि वह माखन सिंह से लिए गए डेढ़ लाख रुपए वापस लौटा दे।

**थाने में समझौते के बाद हुई घटना**

मामले में ट्विस्ट तब आया जब बमौरी थाने से छूटने के बाद से ही वह कथित दुल्हन रहस्यमयी ढंग से लापता हो गई। वहीं दूसरी ओर, डेढ़ लाख रुपए लौटाने का वादा करने वाला बिचौलिया पहलवान सिंह भी भूमिगत हो गया है और उसका कहीं कोई अता-पता नहीं है।



## अमानक प्लास्टिक ग्लास बेचने और गंदगी करने वाले दुकानदारों पर जुर्माना

नवभारत न्यूज

**गुना। सीएमओ शैलेष अवस्थी के आदेश पर नगर को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिका की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। स्वच्छता निरीक्षक विवेक श्रीवास्तव और उनकी टीम द्वारा कलहारी के पास श्रीराम कॉलोनी रोड पर स्थित तीन प्रमुख किराना दुकानों पर औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान दुकानदारों द्वारा अमानक ग्लास बेचने और दुकान के आसपास गंदगी फैलाने पर नपा टीम ने सख्त रुख अपनाया।**

नगरपालिका टीम ने तीनों दुकानों से अमानक प्लास्टिक ग्लास जब्त कर लिए हैं। इसके साथ ही स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने और अमानक सामग्री बेचने के जुर्म में प्रत्येक दुकान पर एक-एक हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई और तीनों दुकानों से कुल 3 हजार रुपए का अर्थदंड वसूल किया गया। जिन दुकानों पर यह दंडात्मक कार्रवाई की गई, उनमें अंशु किराना स्टोर, धाकड़ किराना भंडार तथा भार्गव किराना एवं जनरल स्टोर शामिल हैं।

कार्रवाई के दौरान स्वच्छता निरीक्षक ने दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुए समझाइश दी कि यदि भविष्य में दोबारा अमानक प्लास्टिक ग्लास बेचते या दुकान के बाहर गंदगी करते पाए गए, तो इससे भी अधिक जुमार्ना वसूला जाएगा और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

इस पूरी संयुक्त कार्रवाई में वार्ड के मेट देवेंद्र मालवीय, नीरज बीरलवान एवं दीनदयाल कोडें भी मुख्य रूप से शामिल रहे।

## मूंदोल में जुए की फड़ पर पुलिस की दबिश, पांच जुआरी रंगे हाथ गिरफ्तार, नकद और ताश की गड्डी जब्त

**गुना।** गुना पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी सिलसिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन और एसडीओपी विवेक अष्ठाना के मार्गदर्शन में बमोरी थाना पुलिस ने ग्राम मूंदोल में जुए की सूचना पर एक प्रभावी कार्रवाई को अंजाम दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 7 जुलाई 2026 को बमोरी थाना प्रभारी दिलीप राजौरिया को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मूंदोल के तिराहे के पास कुछ लोग रुपयों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे पांच आरोपियों को धर दबोचा। पकड़े गए जुआरियों की पहचान राजेश जाटव (35), देवेन्द्र जाटव (31), दीपक राठौर (21), दुर्गाप्रसाद धाकड़ (45) और राधेश्याम राठौर (41) के रूप में हुई है, जो सभी मूंदोल के ही निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 8,210 रुपये नकद और ताश की गड्डी जब्त की है। पांचों आरोपियों के खिलाफ बमोरी थाने में जुआ एक्ट की



धारा 13 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक रामकृष्ण रघुवंशी, आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह, रवि गुर्जर और मनोज धाकड़ की मुख्य भूमिका रही।

## अब पुलिसकर्मियों को रियायती दरों पर मिलेगा राशन

नवभारत न्यूज

**गुना। पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की सेहत और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए गुना पुलिस लाइन में एक नई कैंटीन और आधुनिक जिम की शुरूआत की गई है। इस सर्वसुविधायुक्त जिम और नवनिर्मित कैंटीन का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्वालियर रेंज के आईजी अरविंद सक्सेना ने किया। इस विशेष अवसर पर गुना एसपी हितिका वासल भी मुख्य रूप से मौजूद रहीं।**



कैंटीन और जिम का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित पुलिस बल को संबोधित करते हुए आईजी अरविंद सक्सेना ने स्वास्थ्य और फिटनेस पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस की मुस्तैद और चुनौतीपूर्ण नौकरी में शरीर का स्वस्थ रहना बेहद महत्वपूर्ण है और इसके लिए नियमित कसरत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं और पुलिस कर्मियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जिन्हें अपना शरीर मजबूत और सुडौल बनाना है, वे जिम में उपलब्ध आधुनिक उपकरणों का उपयोग कर नियमित कसरत करें। आईजी ने उम्मीद जताई कि जिले भर के पुलिस अधिकारी और कर्मचारी फिट रहने के लिए इस आधुनिक जिम और कैंटीन का भरपूर लाभ उठाएंगे।

इस उद्घाटन के साथ ही पुलिस लाइन में रहने वाले परिवारों और पुलिस कर्मियों को बड़ी राहत मिली है। पुलिस कैंटीन की शुरूआत होने से अब जवानों और उनके परिजनों को बाजार से महंगी दर पर सामान नहीं खरीदना पड़ेगा। इस कैंटीन में दैनिक उपयोग की सभी आवश्यक वस्तुएं और सामग्री बेहद रियायती एवं किफायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे पुलिस परिवारों को सीधे तौर पर आर्थिक लाभ होगा।

**अधिकारियों ने परखीं व्यवस्थाएं**

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान आईजी अरविंद सक्सेना और एसपी हितिका वासल ने जिम में लगाए गए आधुनिक कसरत उपकरणों का बारीकी से निरीक्षण किया और कैंटीन की व्यवस्थाओं को भी देखा। गुना पुलिस की इस नई पहल से पुलिस महकमे और उनके परिवारों में हर्ष का माहौल है, क्योंकि इससे जहां जवानों की फिटनेस सुधरेगी, वहीं उनकी बुनियादी जरूरतें भी आसानी से पूरी हो सकेंगी।

## 300 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने किया मार्गदर्शन



**कुंभराज।** चाचौड़ा-बीनागंज में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल तथा विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम में वर्ष 2026 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 300 मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड, मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और निरंतर मेहनत, अनुशासन तथा सकारात्मक सोच के बल पर कोई भी विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि जिले के विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियां पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय हैं। ऐसे सम्मान समारोह विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हैं। विशिष्ट अतिथि कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि 10वीं एवं 12वीं के बाद किस प्रकार योजनाबद्ध तैयारी कर विद्यार्थी आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर, जेई तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करता है तथा अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे।

## समाजसेवी अनिमेष भार्गव बने मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के सदस्य

**मधुसूदनगढ़।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड का गठन करते हुए प्रदेश स्तर पर नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। शासन ने डॉ. सनवर पटेल को मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके साथ ही बोर्ड के संचालन के लिए विभिन्न क्षेत्रों से दस सदस्यों का मनोनयन भी किया गया है। इन्हीं सदस्यों में राघोगढ़ के युवा समाजसेवी अनिमेष भार्गव को मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड का सदस्य (डायरेक्टर) नियुक्त किया गया है। अनिमेष भार्गव की नियुक्ति को राघोगढ़ सहित पूरे गुना जिले के लिए सम्मानजनक उपलब्धि माना जा रहा है। लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहते हुए वे जनहित के विभिन्न कार्यों से जुड़े रहे हैं। उनकी सक्रियता, सामाजिक सरोकारों और जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए शासन द्वारा उन्हें यह



महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। उनकी नियुक्ति की खबर सामने आते ही राघोगढ़, गुना और आसपास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल बन गया। विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं, बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने नए दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ करेंगे तथा प्रदेश में वक्फ संपत्तियों के संरक्षण एवं विकास के लिए प्रभावी भूमिका निभाएंगे। अनिमेष भार्गव को सदस्य बनाए जाने पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़ राघोगढ़ के पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन जैन मधुसूदनगढ़ के पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण मुरारी सोनी उस्मान खान, शराफत खान, रुस्तम खान, जामनेर के आरोन शकील खान, बीनागंज के जफर खान, कुंभराज के हनीफ खान, भदौरा के गुड्डू खान, राघोगढ़ के इरशाद खान, गुना के राशिद खान सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं और उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की। उल्लेखनीय है कि अनिमेष भार्गव के पिता अशोक भार्गव राघोगढ़ बार एसोसिएशन के संरक्षक हैं। परिवार की सामाजिक एवं विधिक क्षेत्र में सक्रिय पहचान का लाभ भी अनिमेष भार्गव को मिला है।

## अपंजीकृत मैरिज गार्डनों पर प्रशासन का शिकंजा, दी सख्त हिदायत

**गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश एवं अपर कलेक्टर अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में शहर के अपंजीकृत मैरिज गार्डनों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को राजस्व और नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा शहर के विभिन्न मैरिज गार्डनों का औचक निरीक्षण किया गया।**

निरीक्षण दल में शामिल नायब तहसीलदार आरती गौतम, नगर पालिका के सहायक राजस्व निरीक्षक ईशान खान व दिनेश नामदेव और पटवारी संतोष शर्मा ने होटल सत्यम पैलेस, होटल प्रेम ग्रीन, शहनाई गार्डन सहित अन्य अपंजीकृत मैरिज गार्डनों की जांच की। इस दौरान मैरिज गार्डन संचालकों के पंजीयन, आवश्यक अनुमतियों और अन्य विधिक

**राजस्व और नपा की संयुक्त टीम ने किया औचक निरीक्षण**

दस्तावेजों को खंगाला गया। संयुक्त टीम ने सभी संचालकों को निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन करने, अनिवार्य पंजीयन व अनुमति प्राप्त करने तथा शासन द्वारा तय मानकों को पूरा करने के कड़े निर्देश दिए।

अधिकारियों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में बिना वैध पंजीयन के मैरिज गार्डनों का संचालन पाया गया, तो नियमानुसार सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के मुताबिक, नागरिकों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह जांच अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### एकल अभियान का दस दिनी अभ्यास वर्ग शुरू

**गुना।** स्वावलंबी स्वाभिमानी भाव जगाना है, चलो गांव की ओर हमें फिर देश बनाना है के ध्येय वाक्य के साथ एकल अभियान मध्यभारत संभाग, चंबल भाग, अंचल गुना का दस दिवसीय आवासीय नवीन आचार्य अभ्यास वर्ग हनुमान टेकरी मंदिर के हॉल क्रमांक 6 में 7 से 16 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। शुभारंभ मुख्य अतिथि एकल अभियान प्रभाग पी-7 जागरण शिक्षा प्रभारी विकास जैन नखराली, महिला भाग अध्यक्ष आशा रघुवंशी, भाग अभियान प्रमुख दर्शन सिंह धुर्वे, भाग गतिविधि प्रमुख नारायण मीणा ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया।











